सेवाभारती की कृतियाँ

हमें यह लेख लिखते हुए बड़ा ही गर्व महसूस हो रहा है कि हम इतने भाग्यवान हैं कि सेवाभारती के कर्मठ कार्यकर्ताओं से मिलने का मौका मिला और उनकी कृतियों को बहुत पास से देखा है। समर्पित सेवक सेवा भारत के जो सजृन में लगे हुए हैं, हम लोगों ने सेवाभाती की कुछ योजनाओं को कार्यान्वित होने के बाद देखा। जो कुछ देखा उससे अनुमान हुआ, इतने कम साधनों से इतनी बड़ी-बड़ी योजनाओं को केसे पूरा किया है। उनके प्रयास व प्रयोजन सराहनीय हैं। वे अनुकरणीय भी हैं। हम यहाँ पर कुछ संवाद को लिखना चाहते हैं जो हमारे व प्रतिग्राहकों के बीच हुए थे। 155 घर वीसनगर, बटाडी तालुका, जिला सुरेन्द्रनगर (गुजरात) के लोगों का कहना था कि सेवाभारती के काम से हम बहुत खुश हैं और जो मकान हमें मिले हैं उनके मानक बहुत अच्छे हैं, जो उन्होंने हमारे लिए किया है। वह और कोई नहीं कर सकता है। ज्यादातर ने कहा जब मकान बन रहे थे, सेवाभारती के कार्यकर्ता हर सप्ताह आते थे और बिना किसी स्वार्थ के उन्होंने काम किया है। हम सेवाभारती के कार्यकर्ताओं के कामों से खुश हैं। कुछ लोग जो बात को नहीं समझते हैं, जीवापार जिला वंसाकण्ठा 188 घर बनाये। वहाँ पर लोग शिकायत कर रहे थे कि सेवाभारती के कार्यकर्ता बीच में छोड़कर चले गये हैं। पर बात यह थी कि वह लोग फ्लश-पखानों का इस्तेमाल जानते ही नहीं हैं। कह रहे थे, अटक जाता है तो क्या सफाई करने भी सेवाभारती जायेगी। पर अधिकांश कह रहे थे कि सेवाभारती नहीं होती, तो हम ऐसे घर इस जन्म में तो क्या अगले 5 जन्मों में भी नहीं बना सकते थे।

—रश्मि उमेश रोहतगी
24161 नीलन ड्राईव नौवी(मि०) सं०रा०अ० 48374-3754
248-471-5786 e-mail : rurohatgi@yahoo.com
website : www.rurohatgi.com